प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्व पर्यावरण दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

पंतनगर। 05 जून 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता सभगार में राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियजना (नाहेप) के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस वेबिनार के मुख्य वक्ता वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया, के प्रो. बसंत महेश्वरी थे। वेबिनार की अध्यक्षता पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप ने की। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. एस.के. कश्यप, अधिष्ठाता डा. अलकनन्दा अशोक सहित लगभग 300 प्रतिभागियों द्वारा ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया।

प्रो. बसंत महेश्वरी द्वारा भू-जल संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर देते हुए इसे ग्रामीण स्तर पर विस्तारित किए जाने तथा ग्रामीणों को इस हेतु प्रशिक्षित करते हुए जागरूक बनाने पर जोर दिया।

डा. तेज प्रताप ने पर्यावरण एवं मानव जीवन के संबंधों पर जोर देते हुए पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। उन्होंने पर्यावरण के सभी पहलुओं, जैसे जल संरक्षण, वन संरक्षण, प्रदूषण में कमी इत्यादि पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण की शुद्धता सबके लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, डा. अलकनंदा अशोक, ने महाविद्यालय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण में किए जा रहे कार्यो से अवगत कराते हुए इसके महत्व एवं मानव जीवन पर इसके प्रभावों का उल्लेख किया। डा. एस.के. गुरू, नोडल अधिकारी, नाहेप, द्वारा वेबिनार में आए सभी विशिष्ट अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. ज्योति प्रसाद, वेबिनार समन्वयक, द्वारा एवं वेब मॉडरेशन डा. शिव प्रसाद, द्वारा किया गया। अंत में भविष्य में ऐसे अन्य उपयोगी वेबिनार आयोजित करने की सहमति के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।